Day 3 Wednesday date 12/5/21 class 2nd Hindi grammar homework read the lesson 2 and book work do in book

Day 3 Wednesday date 12/5/21 subtract sums do in copy

Day 3 Wednesday date 12/5/21 class 2nd Hindi reader homework lesson 6 word meaning and questions answer do in copy and learn it

# 2 वर्ण एवं मात्राएँ (Alphabet and Vowel Symbols)

बोलते समय हमारे मुख से कुछ ध्वनियाँ निकलती हैं। इन्हीं ध्वनियों के मेल से शब्द बनते हैं।

निम्नलिखित चित्रों को ध्यान से देखें–



र + थ = रथ
र् + अ + थ् + अ



म + ट + र = मटर
म् + अ + ट् + अ + र् + अ

इन ध्वनियों को और छोटा नहीं किया जा सकता। ध्वनियों के लिखे जाने वाले रूप वर्ण या अक्षर कहलाते हैं। वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है।

वह छोटी से छोटी ध्वनि, जिसके टुकड़े न हो सकें, 'वर्ण' या 'अक्षर' कहलाती है।

वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं।

## वर्ण के प्रकार (Kinds of Letter)

वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

(क) स्वर **(Vowels)** (ख) व्यंजन **(Consonants)**

(क) स्वर (Vowels)– जिन वर्णों को बिना किसी ध्वनि की सहायता से बोला जाता है, उन्हें स्वर कहते हैं। हिंदी वर्णमाला में ग्यारह (11) स्वर होते हैं।

## संयुक्त व्यंजन (Joint Consonants)

दो वर्णों के मेल से जो वर्ण बनते हैं, उन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं।



क्षत्रिय

क्ष = क् + ष



त्रिशूल

त्र = त् + र



ज्ञानी

ज्ञ = ज् + ञ



श्रमिक

श्र = श् + र

## मात्राएँ (Vowel Marks)

व्यंजन के साथ स्वर का जो रूप जुड़ता है, उसे मात्रा कहते हैं। 'अ' स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है।






| स्वर | मात्रा | मात्रा लगा व्यंजन | शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | – | क् + अ = क | कमल |
| आ | ा | क् + आ = का | कार |
| इ | ि | क् + इ = कि | किताब |
| ई | ी | क् + ई = की | कील |
| उ | ु | क् + उ = कु | कुली |
| ऊ | ू | क् + ऊ = कू | कूड़ा |
| ऋ | ृ | क् + ऋ = कृ | कृषक |
| ए | े | क् + ए = के | केला |
| ऐ | ै | क् + ऐ = कै | कैमरा |
| ओ | ो | क् + ओ = को | कोयल |
| औ | ौ | क् + औ = कौ | कौआ |




## स्वर (Vowels)

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

अनुस्वार- अं

अनुनासिक- अँ

विसर्ग- अः

**याद रखिए**

अं, अँ तथा अः, ये न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन हैं। इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

(ख) व्यंजन (Consonants)- जिन वर्णों को स्वरों की सहायता से बोला जाता है, उन्हें व्यंजन कहते हैं। हिंदी वर्णमाला में पैंतीस (35) व्यंजन होते हैं।

## व्यंजन (Consonants)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क वर्ग | क | ख | ग | घ | ङ | | |
| च वर्ग | च | छ | ज | झ | ञ | | |
| ट वर्ग | ट | ठ | ड | ढ | ण | ड़ | ढ़ |
| त वर्ग | त | थ | द | ध | न | | |
| प वर्ग | प | फ | ब | भ | म | | |
| अंतःस्थ वर्ण | य | र | ल | व | | | |
| ऊष्म वर्ण | श | ष | स | ह | | | |
| संयुक्त व्यंजन | क्ष | त्र | ज्ञ | श्र | | | |

आगत ध्वनियाँ ज़ फ़ ऑ

**याद रखिए**

सभी व्यंजनों में 'अ' की ध्वनि साथ है। 'अ' की ध्वनि के बिना व्यंजन नहीं बोले जाते। यदि किसी व्यंजन का प्रयोग लिखित रूप में 'अ' स्वर के बिना किया जाता है, तो व्यंजन के नीचे '्' का प्रयोग किया जाता है; इसे हलंत कहते हैं; जैसे- चिह्न, विद्यालय आदि।

4. स्वरों एवं व्यंजनों की संख्या बताएँ।

## (ख) उचित कथन पर (✓) तथा अनुचित कथन पर (×) का चिह्न लगाएँ–

1. ध्वनि के लिखित रूप को अक्षर कहते हैं। ✓
2. 'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन नहीं है। ×
3. अनुस्वार की मात्रा व्यंजन के ऊपर लगती है। ✓
4. अः को अयोगवाह कहते हैं। ✓
5. स्वरों के चिह्न मात्राएँ नहीं कहलाते हैं। ×

## (ग) वर्णों पर मात्राएँ लगाकर उचित शब्द बनाएँ–


मोर


नाव


तराजू


रेल


सैनिक

## (घ) स्वरों और व्यंजनों को जोड़कर शब्द बनाएँ–

1. प् + औ + ध् + आ — पौधा
2. न् + औ + क् + अ + र् + अ — नौकर
3. क् + अ + ब् + ऊ + त् + अ + र् + अ — कबूतर
4. प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ — पुस्तक
5. स् + अ + म् + ओ + स् + आ — समोसा

## (ङ) निम्नलिखित शब्दों में से संयुक्त व्यंजन छाँटकर लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| पत्र | त्र | ज्ञान | ज्ञ |
| श्रीमती | श्र | क्षत्रिय | क्ष |
| त्रिशूल | त्र | क्षमा | क्ष |
| श्रेष्ठ | श्र | श्रमिक | श्र |
| श्रम | श्र | त्रिकोण | त्र |

हिंदी भाषा में व्यंजन के साथ ये मात्राएँ भी जुड़ती हैं-

| मात्रा | कहाँ लगती है? | शब्द |
|---|---|---|
| अनुस्वार (अं) ं | व्यंजन के ऊपर | कंठ, अंत, मंदिर आदि। |
| अनुनासिक (अँ) ँ | व्यंजन के ऊपर | हँसना, चाँद, आँख आदि। |
| विसर्ग (अः) ः | व्यंजन के बाद | प्रातः, अतः, दुःख आदि। |

**याद रखिए**

'उ' और 'ऊ' की मात्राएँ व्यंजन के नीचे लगती हैं, परंतु जब ये 'र' से मिलती हैं, तो उसके पेट में घुस जाती हैं;

जैसे- र् + उ = रु ( रुपया, रुचि) र् + ऊ = रू ( रूप, डमरू)

Wednesday
Page No.
Date 12 5 21

Day 3

Class - II

Sub - Maths

Subtract sums -

```
  5 4 5        6 3 7
- 1 8 7      - 2 5 9
-------      -------

  7 6 0        3 5 1
- 2 8 5      - 2 6 7
-------      -------

  9 3 4        8 5 6
- 4 8 6      - 3 9 7
-------      -------

  7 2 0        5 0 8
- 4 9 8      - 3 7 4
-------      -------
```

Date - 12/5/21

Day - 3

Wednesday

Class - II^nd^

Sub - Hindi R

पाठ - 6

प्रश्न / उत्तर :-

1. धूप क्यों चली गई ?

उ० क्योंकि काले बादलो ने सूरज को ढक दिया।

2. आपको कब - कब डाँट पड़ती है ?

उ० जब - जब हम अपने बड़ो की बात नहीं सुनते है।

3. आपकी प्रिय ऋतु कौन - सी है ? क्यों ?

उ० हमारी प्रिय ऋतु वर्षा है। क्योंकि हमें वर्षा में भीगना बहुत अच्छा लगता है।

Date - 12/5/21

Day - 3

Wednesday

Class - II^nd^ Sub - Hindi

पाठ - 6

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| सूरज | - | सूर्य |
| बादल | - | घटा |
| शैतानी | - | नटखटपन |
| काका | - | चाचा |
| डाँट | - | फटकार |
| गरज | - | बादलों की आवाज़ |